हरिभूमि

# भिवानी-दादरी भूमि

रोहतक, बुधवार, अक्टूबर 15, 2025



10 नागरिक अस्पताल की समस्याओं के खिलाफ...





9 ब्राह्मण समाज ने अनियमितताओं का लगाया आरोप...




## सिचाई विभाग के कर्मचारियों को 14 दिन बीतने के बाद भी नहीं मिला वेतन

# आक्रोश! ढाई सौ कर्मचारी मनाएंगे काली दिवाली

कर्मचारियों ने कई बार विभाग के आला अधिकारियों से की वेतन न मिलने की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

सिंचाई विभाग(मैकेनिकल) की कार्यप्रणाली का भी कोई जवाब नहीं है। तृतीय श्रेणी से लेकर अधिकारी वर्ग तक के सभी का सितम्बर का वेतन जारी हो चुका है। उक्त अधिकारी व कर्मचारी दिवाली की खरीददारी में जुटे है,लेकिन अधिकारियों के उपेक्षित रवैये की वजह से विभाग के ढाई सौ चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को अभी तक वेतन नहीं मिल पाया है,जबकि इस माह के 14 दिन बीत चुके है। वेतन न मिलने की वजह से कर्मचारियों के सभी कार्य अटक गए। इस बारे में कर्मचारियों ने कई बार विभाग के आला अधिकारियों से शिकायत की,लेकिन उनकी हर बात को अनसुना किया जा रहा है। जिस वजह से नियमित चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी काली दिवाली मनाएंगे। क्योंकि अभी तक उनको सितम्बर माह की तनख्वाह जारी ही नहीं हो पाई है। हैरान की बात यह है कि उक्त सभी चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी नियमित तौर पर नियुक्त है,लेकिन उसके बावजूद उनको वेतन नहीं दिया गया है। उन्होंने बताया कि कायदे से उनको महीने की पहली तारीख को वेतन मिल जाना चाहिए। क्योंकि विभाग के अन्य अधिकारी पहली तारीख को ही वेतन जारी करवा लेते है,लेकिन न जाने किस वजह से उनको इस माह का वेतन जारी नहीं किया गया है। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि अगर उनको जल्द वेतन जारी नहीं किया गया तो वे सड़कों पर उतरने को मजबूर होंगे।

### क्या कहते है अधिकारी

सिंचाई विभाग के कार्यकारी अभियंता(मैकेनिकल) नवीन देशवाल ने बताया कि तकनीकी अड़चन की वजह से उक्त कर्मचारियों की तनख्वाह अटक गई थी। तो तकनीकी अड़चन थी वह दूर करवा दी है। आज इन कर्मचारियों का वेतन जारी कर दिया जाएगा। हर बार देरी से वेतन जारी होने के बारे में बताया कि भविष्य में इस तरह की कोई गडबड़ी नहीं होगी। समय पर इनकी तनख्वाह जारी होगी।

## आठ माह से वेतन ना मिलने पर कंप्यूटर ऑपरेटर में नाराजगी

आश्वासन मिलने के बाद राहत की सांस

वेतन न मिलने के कारण आ रहीं आर्थिक समस्याओं को लेकर जताई चिंता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

हरियाणा पंचायत कंप्यूटर ऑपरेटर (सीपीएलओ) यूनियन की जिला भिवानी की कार्यकारिणी ने भारतीय मजदूर संघ के जिलामंत्री संदीप बागनवाला की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। इस बैठक का मुख्य विषय पिछले आठ महीने से वेतन न मिलने के कारण सीपीएलओ कर्मचारियों के सामने आ रही गंभीर वित्तीय संकट पर चर्चा करना था। यूनियन के सदस्यों ने चिंता व्यक्त करते हुए बताया कि लगातार आठ महीनों तक वेतन ना मिलने से उनके और उनके परिवारों के लिए जीवन यापन करना बेहद मुश्किल हो गया है, खासकर आगामी दिवाली त्योहार के मद्देनजर।



भिवानी। वेतन की मांग को लेकर प्रदर्शन करते कम्प्यूटर ऑपरेटर। फोटो: हरिभूमि

### सीपीएलओ कर्मचारियों को दिया आश्वासन

जिला मंत्री संदीप बागनवाला ने सीपीएलओ कर्मचारियों की समस्या को गंभीरता से लिया और उन्हें आश्वासन दिया कि भारतीय मजदूर संघ इस मुद्दे को प्राथमिकता से लेगा। उन्होंने कहा कि वह बीएमएस के शीर्ष नेतृत्व के साथ मिलकर जल्द ही सरकार से मिलेंगे और यह सुनिश्चित करने का प्रयास करेंगे कि सभी सीपीएलओ कर्मचारियों को दिवाली से पहले उनका बकाया वेतन मिल जाए। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष की जिम्मेवारी सुबोध को, जिला उपाध्यक्ष की जिम्मेवारी राजेश तोशाम को, जिला कोषध्यक्ष की जिम्मेवारी सविता सोनी को, जिला सचिव की जिम्मेवारी रोहित सिवानी को, जिला प्रवक्ता की जिम्मेवारी मनोज भिवानी को, जिला सलाहकार की जिम्मेवारी सुभाष चंद्र बवानी खेड़ा को तथा जिला सह-सलाहकार की जिम्मेवारी दिनेश लोहारू को मिली। बैठक में रविन्द्र मास्टर, बीर सिंह, संदीप, अनूप, जितेन्द्र, अजय, नवीन, सुमितआदि रहे।

अन्याय और उत्पीड़न की घटनाएं रोकने में सरकार नाकाम

## विद्यार्थियों ने फूंका प्रदेश सरकार का पुतला



भिवानी। सरकार का पुतला फूंकते विद्यार्थी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

डा. अंबेडकर मिशनरीज विद्यार्थी एसोसिएशन ने हरियाणा में वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी वाई. पूरन कुमार आत्महत्या के मामले में भाजपा सरकार पर गैर जिम्मेदाराना रवैया अपनाने का आरोप लगाते हुए मंगलवार महाराजा नीमपाल सिंह राजकीय महाविद्यालय के समक्ष प्रदेश सरकार का पुतला फूंका। यह विरोध प्रदर्शन आईपीएस पूरन कुमार की कथित आत्महत्या और उसके पीछे के जाति आधारित भेदभाव, मानसिक उत्पीडऩ के आरोपों को लेकर केंद्रित है। इस मौके पर छात्र नेता आयुष बापोड़ा ने कहा कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर से करवाई जाए।

इस दौरान उन्होंने सरकार की नीतियों और पुलिस प्रशासन पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार अन्याय और उत्पीडऩ की घटनाएं रोकने में नाकाम साबित हो रही हैं। छात्र नेता आयुष बापोड़ा ने कहा कि डा. अंबेडकर मिशनरीज विद्यार्थी एसोसिएशन ने 48 घंटे का अल्टीमेटम दिया है। यदि अगर इस समय अवधि में दोषियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होती है तो वे बड़े-स्तर पर विरोध प्रदर्शन करेंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि यह संघर्ष तब तक रहेगा, जब तक वाई. पूरन कुमार को न्याय नहीं मिलता। इस दौरान आशीष बापोड़ा, सचिन तिगड़ाना, गौरव बापोड़ा, अंकित तिगड़ाना, शुकला, अवदेश बापोड़ा, प्रवीन बूरा, सुमित बराड़ समेत अनेको छात्र मौजूद रहे।

खबर संक्षेप

### मेले में महिला से चेन चोरी पर मामला दर्ज

**बाढड़ा।** गांव माढी हरिया निवासी महिला सुमन देवी ने गांव बेरला के धार्मिक मेले के आयोजन में भागीदारी के दौरान सोने की चेन चोरी करने का मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में सुमन पत्नि मनोज कुमार ने बताया कि वह परिजनों के साथ 7 अक्टूबर को गांव बेरला के धार्मिक स्थल पर आयोजित मेले में भाग लेने गई थी। पूजा अर्चना के दौरान भारी भीड़ में अज्ञात चोर उसके गले से दो तोले की सोने की चेन तोड़ ले गए। महिला की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।



### जांगिड़ समाज की प्रतिभाओं को किया सम्मानित

**भिवानी।** अखिल भारतीय जांगिड ब्राह्मण महासभा प्रदेश सभा द्वारा धारूहेड़ा में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया। प्रतिभावान सम्मान समारोह में छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। साथ ही गांव चैहड़कलां निवासी कवि कलाकार सुरेश कुमार ने अपनी एक पुस्तक प्रदेशाध्यक्ष खुशीराम जांगिड को भेंट की। सुरेश कुमार को स्मृति चिन्ह प्रदान करके सम्मानित किया।भिवानी के ।हित्यकार एवं प्रदेश सभा के संगठन मंत्री राजेश कुमार सरल को प्रदेश एवं जिला सभा के लिए सोशल मीडिया पर निरंतर कार्य करने तथा साहित्य क्षेत्र में अपनी विशेष पहचान बना कर समाज का नाम रोशन करने के लिये अंग वस्त्र शॉल तथा स्मृति चिन्ह प्रदान करके प्रतिभा सम्मान से अलंकृत किया।



### स्वतंत्रता सेनानी लाला हरदयाल को दी श्रद्धांजलि

**भिवानी।** लाला हरदयाल महान स्वतंत्रता सेनानी, क्रांतिकारी, गदरी, पत्रकार, संपादक और लेखक थे, ये बात स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी कल्याण संगठन के संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष महेन्द्रपाल यादव ने कही। उन्होंने लाला हरदयाल की जयंती पर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। उन्होंने बताया कि लाला हरदयाल का जन्म 14 अक्टूबर 1884 को अविभाजित भारत की ब्रिटिश प्रेसीडेंसी के इंडियन किंगडम के उत्तरी भाग के दरियाई क्षेत्र के सेंट्रल प्रोविंस की दिल्ली डिवीजन के दिल्ली राज्य अब नई दिल्ली में एक मध्यम वर्गीय कायस्थ ब्राह्मण परिवार में गौरी दयाल माथुर के घर में हुआ।

### पेंटिंग प्रतियोगिता में छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

**भिवानी।** राजकीय माध्यमिक विद्यालय आसलवास मरहेटा में भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड (बीबीएमबी) द्वारा ऊर्जा संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन उत्साहपूर्वक किया। प्रतियोगिता में कक्षा 6- 7 तथा 8- 10 तक के दो ग्रुपों के विद्यार्थियों ने भाग लिया और ऊर्जा संरक्षण विषय पर अपनी कला का सुंदर प्रदर्शन किया। दो विद्यार्थियों की उत्कृष्ट कला को राज्य स्तर के लिए भेजा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्याध्यापक कुलदीप भट्ट ने की। इको क्लब प्रभारी एवं विज्ञान शिक्षक मनोज जांगड़ा ने बताया कि स्कूल में प्रतिमाह स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और ऊर्जा बचत से संबंधित गतिविधियां आयोजित की जाती हैं।

## एक लाख 90 हजार रुपये का फ्रॉड करने के दो आरोपी काबू

साइबर क्राइम पुलिस के हाथ लगी कामयाबी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

साइबर क्राइम पुलिस ने गांव गुडाना निवासी व्यक्ति को डेयरी का सामान खरीदने के नाम पर 1.90 लाख रुपये का साइबर फ्रॉड करने के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मामले की जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता योगेश कुमार ने बताया कि 25 सितंबर को अंकित कुमार निवासी गुडाना ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके मोबाइल नम्बर किसी अनजान नम्बर से फोन आया था। जिसने कहा कि वह आर्मी से बोल रहा है। आदर्श कॉलेज भिवानी में एनसीसी कैम्प चला रहे हैं, जिसके लिए हमें



पुलिस हिरासत में आरोपी।

एक महीने के लिए रोजाना 40 किलो दूध, 10 किलो दही और 5 किलो पनीर चाहिए है।

### व्हाट्सएप पर मैसेज कर की थी ठगी

*इसके बाद उस व्यक्ति ने व्हाट्सएप पर एक आर्मी का आईडी कार्ड, सामान की लिस्ट व आदर्श कालेज भिवानी का एड्रेस मैसेज किया और कहा कि पेमेंट आपको ऑनलाइन प्राप्त हो जाएगी। 23 सितंबर को उसने सारा सामान भेज दिया। जिसके बाद सामान लेकर गए राहुल व यशपाल ने वहां पहुंचकर उस व्यक्ति के पास फोन किया। उक्त व्यक्ति ने फोन पे ओपन करवा कर क्रेडिट कार्ड पैमेन्ट ओप्शन मे जाकर 93 हजार रुपये अपने फोन पे में डालकर क्लिक कर दिया। उस व्यक्ति ने धोखाधड़ी कर 1.90 लाख रूपये निकाल लिए। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरु की। जांच के दौरान क्रेडिट कार्ड खाता धारक भिवाड़ी के अर्पित झा का मिला।*

### प्रतियोगिता में छात्रा नवीना रही प्रथम

**बाढड़ा।** कस्बे के राजकीय महिला महाविद्यालय बाढड़ा में रचनात्मक चार्ट निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम चौथे विश्व सांख्यिकी दिवस के अवसर पर आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों में आँकड़ों की महत्व तथा भारत के विकास में गुणवता पूर्ण आँकड़ों के योगदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम का आयोजन सूबे सिंह, कार्यकारी प्राचार्य के कुशल नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर संजय कुमार, राकेश शर्मा, डॉ. सोनू भारद्वाज, प्रदीप जांगड़ा एवं डॉ. मुकेश कुमार, तस्वीर सिंह सहित अनेक शिक्षकगण उपस्थित रहे। जिसमें प्रथम स्थान बीए अंतिम वर्ष के की छात्रा नवीना, द्वितीय स्थान

## भिवानी-जमालपुर रोड से हटाए अवैध निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा

नगर योजनाकार विभाग द्वारा उपायुक्त साहिल गुप्ता के निर्देशानुसार अवैध निर्माण हटाने का अभियान चलाया गया। इस दौरान विभाग ने मौजा बवानीखेड़ा में भिवानी-जमालपुर रोड़ पर लगभग तीन एकड़ में फैली दो कॉलोनी से अवैध निर्माण को हटाया। नगर योजनाकार विभाग के अनुसार मौजा बवानीखेड़ा में भिवानी-जमालपुर रोड़ पर तीन एकड़ में बनी अवैध कॉलोनी से अवैध निर्माण हटाने का अभियान चलाया गया। इस दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए डीसी द्वारा नियुक्त ड्यूटी मैजिस्ट्रेट नवीन कुमार व पुलिस बल मौजूद रहा।



बवानीखेड़ा। अवैध निर्माण ढहाती जेसीबी।

### अवैध निर्माण हटाने का अभियान रहेगा जारी

जिला योजनाकार अधिकारी ने बताया कि विभाग के अनुसार मौजा बवानीखेड़ा में भिवानी-जमालपुर रोड़ पर लगभग तीन एकड़ में बनी दो अवैध कॉलोनियों से सात डीपीसी व पक्का रोड़ नेटवर्क को जेसीबी से तोड़ा गया। इस दौरान लोगों को समझा कि वे जिला में सरकारी जमीन पर कहीं भी व अनाधिकृत कॉलोनी में किसी भी प्रकार का अवैध निर्माण न करें। उन्होंने बताया कि जिला नगर योजनाकार विभाग द्वारा अवैध निर्माण की जानकारी जुटाई जा रही है और इसको हटाने का यह अभियान जारी रहेगा।



भिवानी। शिक्षकों के साथ विजेता छात्राएं। फोटो: हरिभूमि

### रसायन प्रश्नोत्तरी में लग्न, सुनैना,नेहा व हिमांशी प्रथम

**भिवानी।** राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. त्रिलोकचंद के निर्देशन में रसायन विभाग में रसायन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन डॉ. ज्योति की अध्यक्षता में हुआ। प्रतियोगिता में लगभग 35 छात्राओं ने रुचिपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रोफेसर मोनिका व डॉ. रूपम ने ऑर्गेनाइजिंग मेंबर्स की भूमिका निभाई, जिसमें छात्रा लगन, सुनैना, नेहा, हिमांशी की टीम ने प्रथम, अंशुल, काफी, संजू की टीम ने द्वितीय तथा पूजा, प्रियंका, खुशबू और खुशी की टीम तृतीय स्थान पर रही। वहीं तमन्ना, मुस्कान, सोनिया ने सांतवना पुरस्कार प्राप्त किए। प्रोफेसर शर्मिला व प्रोफेसर अजीत कुमार आदि ने प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए अपना अहम योगदान दिया। प्राचार्य त्रिलोकचंद ने विजेता छात्राओं को ईनाम व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। प्राचार्य ने बच्चों को जागरूक करते हुए कहा कि बच्चों को ऐसी गतिविधियों में आगे बढ़कर अपनी योग्यता दिखानी चाहिए।

## बुशान के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर डिलीवरी हट शुरू करने की उठाई मांग

■ लैब-टेक्नीशियन न होने से मरीजों को हो रही है परेशानियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम

तोशाम क्षेत्र के गांव बुशान के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में सुविधाओं का टोटा बना हुआ है। तीन वर्ष पूर्व करोड़ों रूपये की लागत से बनाया गया प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सुविधाओं के अभाव में सफेद हाथी बना हुआ है। इस प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के अन्तर्गत दो दर्जन के आस-पास गांव आतें है।

### मशीन मिलने के बाद भी मरीज परेशान

*कैबिनेट मंत्री श्रुति चौधरी के दिशानिर्देश पर अस्पताल की लैब में चैकप सम्बंधित मशीन तो मिल गई लेकिन लैब टेक्नीशियन के अभाव में मरीजों को फायदा नही मिल रहा है। पूरी सुविधा न होने के कारण मरीजों को निजी अस्पतालों में भटकने पर मजबूर होना पड़ रहा है। मंगलवार को निशुल्क बाबा भैरू नाथ लाईब्रेरी के प्रधान मा. दलबीर सिंह ने सिविल सर्जन भिवानी को पत्र लिखकर मांग की है कि पीएचसी बुशान पर डिलीवरी हट की शुरुआत की जाए व लैब टेक्नीशियन की स्थाई ड्यूटी लगाई जाए। इस बारे में सरपंच मेहर चंद ने बताया कि पीएचसी में सुविधा बढाने के लिए काफी बार स्वास्थ्य विभाग को पत्र लिखा गया है। उन्होंने बताया कि यदि स्वास्थ्य केन्द्र पर अल्ट्रासाउंड, एक्सरे, डिलीवरी हट, दंत चिकित्सक, आखों का डाक्टर आदि सुविधाएं बढा दी जाए तो आमजन को फ्री सुविधा मिल सकती है।*

अस्पताल में औसतन 70 मरीज रोजाना चिकित्सक के पास आते है। अस्पताल की लैब में खून, मलेरिया, शुगर,टीबी, एचआईवी आदि जांच के लिए लाखों रुपए की मशीन तो आ गई लेकिन स्थाई लैब टेक्नीशियन न होने के कारण मरीजों को मजबूरन शहर का रुख करना पड़ता है। क्योंकि लैब टेक्नीशियन की ड्यूटी बुशान पीएचसी पर होने के बावजूद भी तोशाम सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर लगा देते हैं।

## कादमा बीमा जागरूकता कार्यक्रम में दी बैंकिंग योजनाओं की जानकारी

हरि भूमि न्यूज ▶▶| बाढड़ा।

सरकारी बैंक निकायों द्वारा सोमवार को कादमा पैक्स में बैंक लोन एवं बीमा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सहायक पैक्स प्रबंधक लीला राम ने उपस्थित रहकर किसानों और ग्रामीणों को बैंकिंग सेवाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किसान अपने बैंक खातों को कंप्यूटराइज्ड करवाकर विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ ले सकते हैं।

### पर्सनल डिटेल न बताएं

यूसीओ बैंक के प्रतिनिधि गजराज जांगड़ा ने बताया कि ग्राहक अपने केवाईसी दस्तावेजों को समय पर अपडेट रखें और किसी अजनबी के साथ ओटीपी या एटीएम की जानकारी साझा न करें। उन्होंने कहा कि डिजिटल लेन-देन के दौर में सतर्कता और जागरूकता बहुत जरूरी है। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित किसानों और ग्रामीणों को सुरक्षा, बीमा और बैंकिंग योजनाओं की जानकारी दी गई। इस मौके पर बैंक कर्मचारियों और स्थानीय ग्रामीणों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। इस मौके पर संतोष, सुरेश कुमार,ईश्चर, प्रकाश, रामचंद्र, कविता आदि मौजूद थें।

**ज्ञापन** ग्रामीण क्षेत्रों में परीक्षा केंद्रों को स्थानीय स्तर पर रखने की मांग

## शिक्षा बोर्ड चेयरमैन से मिला प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल

शिक्षा का व्यवसायीकरण किए जाने का जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

प्राइवेट स्कूल वैलफेयर एसोसिएशन का प्रतिनिधि मंडल शिक्षा बोर्ड के चेयरमेन से मिला। प्रतिनिधि मंडल ने बताया कि हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा एफ़िलिएशन लेते समय प्राइवेट स्कूलों पर 18 प्रतिशत का जीएसटी लगाया गया है, जो पिछले 5 साल से बकाया पोर्टल पर दिखाया गया है। एसोसिएशन ने इसका विरोध जताया और कहा कि शिक्षा का व्यवसायीकरण किया जा रहा है।



भिवानी। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन को मांगपत्र सौंपते हुए।

चेयरमैन ने बताया कि ये जीएसटी केंद्र सरकार द्वारा लगाया गया है, और बोर्ड ने भी इसका भुगतान किया है। इसके बावजूद, प्राइवेट स्कूल वेलफेयर एसोसिएशन ने अपना विरोध जारी रखा और मांग की कि जीएसटी हटाया जाए। अन्य मांगों में ग्रामीण क्षेत्रों में परीक्षा केंद्रों को स्थानीय स्तर पर रखने, और प्राइवेट स्कूलों के शिक्षकों को दूसरी जगह ड्यूटी से मुक्त करने की मांग भी शामिल है। इसके अलावा, जो शिक्षकों को मार्किंग ड्यूटी दी जाती है, उसे पूर्ण रूप से हटाने की भी मांग है, क्योंकि प्राइवेट स्कूल सरकार से कोई अनुदान नहीं लेते।

!!

चेयरमैन ने आश्वासन दिया कि विद्यालय शिक्षा बोर्ड इन मांगों पर सकारात्मक रूप से गौर करेगा।इस मौके पर हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष राम अवतार शर्मा,सिवानी ब्लॉक के प्रधान बदन सिंह, जींद से वजीर ढाँडा , पुरषोत्तम शर्मा , दलशेर लोहान, राजेश शास्त्री,सुनील खोखर,राजेश ,कर्ण मिर्ग आदि भी उपस्थित थे।

## हसला की बैठक में विभिन्न मांगों को लेकर हुई विस्तार से चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| !भिवानी

हसला की बैठक के बाद मंगलवार को हसला के जिला प्रधान महेंद्र मान और राज्य कार्यकारिणी सदस्यों श्याम सुंदर सांगवान, प्रदुमन गढ़वाल, सत्यवान कोच ने सयुंक्त रूप से जारी बयान मे कहा की ट्रांसफर ड्राइव में अनावश्यक विलंब, ऑनलाइन टीचर डायरी का विरोध, सीसीएल के सरलीकरण, मेडिकल बिलों के लंबित भुगतान, एसीपी मामलों में देरी, शिक्षकों के लिए मेडिकल लीव प्रावधान, गैर शैक्षणिक कार्यों में प्राध्यापकों की ड्यूटी, प्राचार्य पद पर पदोन्नति का सरलीकरण, स्थायीकरण व वरिष्ठता सूची जारी करने तथा कॉलेज कैडर में पदोन्नति जैसे मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की।

### प्रदर्शन की चेतावनी

जिला प्रधान महेंद्र मान ने कहा कि यदि दिवाली तक ट्रांसफर ड्राइव प्रारंभ नहीं किया गया तो हसला संघर्ष का रास्ता अपनाएगी और जिला एवं राज्य स्तर पर विरोध प्रदर्शन करेगी। उन्होंने कहा कि हसला ऑनलाइन डायरी का पूर्णत: विरोध करती है तथा इस विषय में विभाग को विरोध दर्ज कराया जा चुका है, परंतु विभाग हठधर्मिता पर अड़ा हुआ है। महेंद्र मान ने कहा कि जल्द ही जिला कार्यकारिणी की बैठक बुलाकर आगामी कार्यक्रम की रणनीति तय की जाएगी। उन्होंने कहा की बैठक मे जिला स्तर पर होने वाले प्रदर्शन, धरना, आदि की रुपरेखा भी बनाई जाएगी।



# दुश्मनों का सामना करते नजर आए अगस्त्य

**मुंबई।** मंगलवार को अरुण खेत्रपाल की जयंती पर फिल्म निर्माताओं ने परमवीर चक्र विजेता अधिकारी अरुण खेत्रपाल की कहानी से प्रेरित फिल्म 'इक्कीस' के एक्टर की झलक दिखाकर फैंस को खुश कर दिया है। श्रीराम राघवन द्वारा निर्देशित फिल्म 'इक्कीस' में अगस्त्य नंदा का लुक सामने आया है। एक पोस्टर में अगस्त्य नंदा हाथ में बंदूक लिए युद्ध में दुश्मनों का सामना करते नजर आ रहे हैं। इस पोस्टर के साथ निर्माताओं ने फिल्म की शूटिंग को लेकर अहम जानकारी देते हुए कैप्शन में लिखा, 'अरुण खेत्रपाल की जयंती पर, 'इक्कीस' की शूटिंग पूरी हो गई है, एक ऐसी कहानी जो हमेशा हमारे दिलों में रहेगी।

लाइफ Style

# श्रीलीला

## एजेंट मिर्ची के रोल में पोस्टर हुआ रिलीज

एजेंसी ▶▶ मुंबई

श्रीलीला जल्द ही एक फिल्म में एजेंट मिर्ची के किरदार में नजर आएंगी। श्रीलीला की इस फिल्म में उनके साथ बॉबी देओल नजर आएंगे। हालांकि, फिल्म के नाम की घोषणा अभी तक नहीं हुई है। फिल्म से श्रीलीला के लुक को फैंस बेहद पसंद कर रहे हैं।

श्रीलीला ने मंगलवार को अपनी आगामी फिल्म से 'एजेंट मिर्ची' के रूप में अपना पहला लुक जारी किया है। फिल्म के बारे में अभी ज्यादा जानकारी नहीं दी गई है, लेकिन नए पोस्टर से लगता है कि यह एक्शन से भरी मजेदार फिल्म होगी। श्रीलीला ने इंस्टाग्राम पर अपना धांसू लुक शेयर किया और साथ ही कैप्शन में लिखा, 'रेडी, स्टेडी, फायर... मिर्ची लगाने वाली है। 19 अक्टूबर #आग लगा दे।' श्रीलीला की पोस्ट कुछ ही मिनटों में वायरल हो गई। फैंस ने उनकी तारीफ की। एक फैन ने कहा, 'सिंड्रेला अब लेडी जेम्स बॉन्ड बन गई', एक और फैन ने लिखा, 'लीला ऑन फायर एक्शन'। श्रीलीला के लुक से पहले इसी फिल्म से बॉबी देओल का एक पोस्टर जारी किया गया था। बॉबी मोटे काले चश्मे और लंबे बालों में नए अंदाज में दिखे। वे बैंगनी शर्ट और कोट पहने नजर आए। पोस्टर में हेलीकॉप्टर दिखाया गाय, बाकी के पोस्टर में लाल और आग जैसी थीम दिखाई दी। यह श्रीलीला के पोस्टर से मेल खाती है। श्रीलीला के पास कई प्रोजेक्ट्स हैं। अगली फिल्म 'मास जथारा' रवि तेजा के साथ है, जो 31 अक्टूबर को रिलीज होगी। पवन कल्याण के साथ 'उस्ताद भगत सिंह' पुलिस एक्शन ड्रामा है।



हॉलीवुड मसाला




# एफ1 : द मूवी ओटीटी पर होगी रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड सुपरस्टार ब्रैड पिट की धमाकेदार सुपरहिट फिल्म 'एफ1 : द मूवी' ने बॉक्स ऑफिस पर दुनियाभर में धूम मचाई। अकेले भारत में इस फिल्म ने 105.34 करोड़ का नेट कलेक्शन किया।अब, हम एप्पल टीवी की बेजोड़ ग्लोबल रीच के जरिए से इस रोमांचक, सिनेमाई सफर को दुनियाभर के प्रशंसकों तक डिजिटल स्ट्रीम करने के लिए बेहद उत्साहित हैं।' यह फिल्म एप्पल टीवी पर 12 दिसंबर को रिलीज होगी।




# नए कॉमेडी शो के साथ वापस आ रहे

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड के मशहूर अभिनेता रोवन एटकिंसन अपनी जबरदस्त कॉमेडी के लिए जाने जाते हैं। वह उन चुनिंदा अभिनेताओं में शुमार किए जाते हैं, जो बिना कुछ कहे ही अपने अभिनय से लोगों को हंसा सकते हैं। उन्हें उनके चर्चित किरदार मिस्टर बीम के लिए भी जाना जाता है। वह जल्द ही एक नए शो के साथ आ रहे हैं। मशहूर अभिनेता रोवन एटकिंसन नेटफ्लिक्स पर जल्द ही अपने कॉमेडी शो 'मैन वर्सेस बेबी' के साथ वापस आ रहे हैं। यह सीरीज इस साल 11 दिसंबर को ओटीटी पर स्ट्रीम होगी। सीरीज के चार एपिसोड होंगे। नेटफ्लिक्स ने एक्स पर इस सीरीज का ऐलान करते हुए कई तस्वीरें शेयर की हैं। तस्वीरों में देखा जा सकता है कि रोवन एटकिंसन एक बच्चे के साथ नजर आ रहे हैं। एक तस्वीर में वह दो बच्चों के साथ हैं और दोनों को दूध पिला रहे हैं।



# अपने संघर्ष की तुलना शाहरुख से की

**मुंबई।** कंगना रनौत बेबाकी से अपनी बातों को रखने के लिए बॉलीवुड में जानी जाती हैं। इस वजह से कई बार वह कंट्रोवर्सी का शिकार भी हुईं। पिछले दिनों एक्ट्रेस ने एक इवेंट में शाहरुख खान और अपने स्ट्रगल की तुलना की। अपने स्ट्रगल को वह ज्यादा मुश्किल बताती हैं। पिछले हफ्ते नई दिल्ली में हुए एक इवेंट में कंगना रनौत ने अपने करियर को लेकर बातचीत की। वह कहती हैं, 'मुझे इतनी सक्सेस क्यों मिली? शायद ही कोई और होगा जो गांव से आकर मेनस्ट्रीम में इतनी सक्सेस हासिल कर पाया हो। आप शाहरुख खान की बात करें, वे दिल्ली से हैं, कॉन्वेंट में पढ़े हैं। लेकिन मैं एक ऐसे गांव (भांबला) से हूं, जिसके बारे में किसी ने सुना भी नहीं होगा।'कंगना रनौत का जन्म 23 मार्च 1986 को हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले के एक छोटे से कस्बे भांबला में हुआ। मां एक स्कूल टीचर थीं।



# 'संक्रांतिकी' के हिंदी रीमेक में आएंगे नजर

**मुंबई।** तेलुगु सिनेमा के सुपरस्टार वेंकटेश दग्गुबाती की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'संक्रांतिकी वस्तुनम' अब हिंदी में बनने जा रही है। इस फिल्म ने साउथ बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा दिया था और अक्षय कुमार इसे नए अंदाज में बड़े पर्दे पर लेकर आने वाले हैं। वेंकटेश की इस जबरदस्त एक्शन-कॉमेडी फिल्म का हिंदी रीमेक बनाने की तैयारी जोर-शोर से चल रही है। इस फिल्म को निर्देशित किया था अनिल रविपुडी ने और यह साल की दूसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली तेलुगु फिल्म साबित हुई थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म ने दुनिया भर में 250 से 300 करोड़ रुपए की कमाई की थी। रिपोर्ट की मानें तो अक्षय कुमार ने इस रीमेक के लिए अपनी हामी भर दी है। अक्षय को तेलुगु फिल्म का कॉन्सेप्ट और स्क्रीनप्ले इतना पसंद आया कि उन्होंने तुरंत इसके हिंदी रीमेक का फैसला कर लिया।

टीवी मसाला



# केबीसी में ऋषभ ने बिग बी को गिफ्ट की लुंगी

**नई दिल्ली।** लोकप्रिय क्विज शो 'कौन बनेगा करोड़पति 17' का नया एपिसोड फैंस के लिए यादगार पल लेकर आने वाला है। इस बार हॉट सीट पर पहुंचे हैं कन्नड़ सिनेमा के सुपरस्टार एक्टर-डायरेक्टर ऋषभ शेट्टी, जो इन दिनों अपनी फिल्म 'कांतारा चैप्टर 1' से बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रहे हैं। मेकर्स ने एक प्रोमो जारी किया है जिसमें ऋषभबिग बी से एक खास रिक्वेस्ट करते नजर आ रहे हैं। प्रोमो वीडियो में ऋषभ शेट्टी ने मुस्कुराते हुए बिग बी से कहा, 'सर, आपका 'अग्निपथ' वाला डायलॉग सुनने का बहुत मन है।' अमिताभ बच्चन ने भी अपने ही अंदाज में उनकी यह रिक्वेस्ट पूरी की। उन्होंने अपनी फिल्म के किरदार विजय दीनानाथ चौहान के जैसे ही कहा- 'ऋषभ शेट्टी सर, ग्यारहवां प्रश्न आपके स्क्रीन पर डालते हैं। सात लाख पचास हजार रुपए में से पचास हजार आपके, सात लाख हमारे!' यह सुनते ही सेट पर मौजूद हर कोई तालियां बजाने लगा। इसके अलावा मेकर्स ने एक और प्रोमो जारी किया है जिसमें बिग बी ऋषभ शेट्टी को मंच पर आमंत्रित करते हैं। इस दौरान ऋषभ लुगी पहने हुए नजर आ रहे हैं। साथ ही उन्होंने अमिताभ को भी लुंगी गिफ्ट की है। ऋषभ द्वारा इस गिफ्ट को स्वीकार करने के बाद बिग बी ने कहा कि वो जरूर इस तोहफे को पहनेंगे। इसके बाद अमिताभ का मजाकिया अंदाज भी नजर आया। उन्होंने कहा- 'अगर ये थोड़ा भी इधर से उधर हो गया तो मामला इंटरनेशनल हो जाता है।'

## जीशान ने अमाल को कहा धोखेबाज

**नई दिल्ली।** बिग बॉस 19 से पिछले हफ्ते एविक्ट हो गए जीशान कादरी अब घर में बिताए वक्त, और बाकी खिलाड़ियों के बारे में खुलकर बात कर रहे हैं।



जीशान कादरी की बिग बॉस हाउस में तान्या, नीलम, अमाल, शहबाज और मालती से अच्छी दोस्ती हो गई थी। घर में ज्यादातर वक्त रणनीति बनाते, या दूसरों को शांत करते नजर आते जीशान ने बाहर आने पर तान्या और अमाल के बारे में अपनी राय खुलकर जाहिर की है। जीशान कादरी ने कहा कि वह अमाल मलिक को असल में अपना सच्चा दोस्त नहीं मानते हैं, क्योंकि उन्होंने कई बार उन्हें धोखा दिया है। जीशान कादरी ने कहा, 'अमाल ने कई बार मुझे धोखा दिया है। मैंने बाहर निकल कर कई क्लिप देखीं जहां वो नेहल को बोल रहा है कि हम अलग ग्रुप बनाएंगे, और कह रहा है 'जीशान जी का हो गया।' तो मुंह पर बोलता ना, इतनी आजादी तो दी थी मैंने उसे। उसने मुंह पर बोला? इसे ही धोखा कहते हैं, यह तकलीफ देता है।' जीशान ने कहा कि वह अमाल को छोटे भाई की तरह देख रहे थे, इसलिए जो कुछ खोया वो उन्होंने (अमाल ने) खोया है, मैंने कुछ नहीं खोया।

# बहुत एक्टिव रहने वाला काम है एक्टिंग : काजोल



**मुंबई।** काजोल ने अपने टॉक शो 'टू मच' में पिछले दिनों कहा था कि एक्टर्स 9 से 5 की नौकरी करने वालों से ज्यादा मेहनत करते हैं। यह बात सोशल मीडिया यूजर्स को रास नहीं आई, काजोल को इस बात के लिए ट्रोल किया गया। काजोल ने फिर इस बात को लेकर बयान दिया है, साथ ही अपनी पुरानी बातों को सही साबित करने के लिए कुछ बातों का जिक्र किया है। एक इंटरव्यू में काजोल कहती हैं, 'एक्टिंग बहुत एक्टिव रहने वाला काम है। जब हम शूटिंग पर होते हैं तो पूरा ध्यान उसी काम पर होता है। मैंने 35 से 40 दिनों तक सीरीज 'द ट्रायल 2' के लिए लगातार शूटिंग की। इस दौरान एक्सरसाइज पर, डाइट पर ध्यान दिया। हमारे लुक में जरा सा चेंज भी पूरे प्रोसेस को खराब कर सकता है। इस वजह से हम पर बहुत दबाव होता है।'काजोल आगे कहती हैं, 'जब आप 9 से 5 की नौकरी करते हैं, तो टी ब्रेक ले सकते हैं, थोड़ा आराम कर सकते हैं। हम ऐसा नहीं कर सकते हैं। हम कैसे बैठते हैं? कैसे मुस्कुराते हैं? इन बातों पर भी नजर रखी जाती है। हम एक केतली की तरह हैं, जो हमेशा उबलती रहती है। हमें हमेशा अलर्ट रहना होता है, हम अक्सर टेंशन में रहते हैं और हम ऐसे ही जीते हैं।'काजोल की अपकमिंग फिल्म की बात करें तो वह 'महारागिनी' में नजर आएंगी।

# रश्मिका ने फिर फ्लॉन्ट की सगाई की अंगूठी



**मुंबई।** रश्मिका मंदाना और साउथ एक्टर विजय देवरकोंडा ने सगाई कर ली है। लेकिन, सगाई की तस्वीरें, फंक्शन बिल्कुल प्राइवेट रखे गए। विजय की टीम ने जरूर जानकारी दी कि शादी फरवरी में होगी। हाल ही में एयरपोर्ट पर रश्मिका मंदाना नजर आईं। जहां वह अपनी सगाई की अंगूठी को फ्लॉन्ट करती दिखीं। फैंस ने रश्मिका की वायरल वीडियो, लुक पर रिएक्शन भी दिए हैं।

रश्मिका का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है, जिसमें वह एयरपोर्ट पर नजर आ रही हैं। एयरपोर्ट पर वह सिंपल सूट-सलवार में दिखाई दीं, उनके बाल भी गीले नजर आए। जब पैपराजी ने फोटो के लिए कहा तो वह देरी का इशारा करती दिखीं। इस दौरान उनके हाथ में सगाई की अंगूठी नजर आईं। पिछले दिनों भी एक इंस्टाग्राम पेज पर रश्मिका ने एक वीडियो शेयर किया था, जिसमें उनकी सगाई की अंगूठी नजर आ रही थीं। लेकिन, अब तक अपनी सगाई को लेकर रश्मिका ने कोई बयान नहीं दिया है। जल्द ही रश्मिका की बॉलीवुड फिल्म 'थामा' रिलीज होगी। इसमें आयुष्मान खुराना है। इस फिल्म का ट्रेलर और रश्मिका का लुक पिछले दिनों काफी चर्चा में रहा। इसके अलावा वह एक साउथ इंडियन फिलम 'गर्लफ्रेंड' में भी नजर आने वाली हैं।

## हॉरर से लेकर थ्रिलर तक, कॉमेडी से लेकर रोमांस तक

# इस हफ्ते ओटीटी पर होगी एंटरटेनमेंट की बरसात

*नई दिल्ली। त्योहारों के मौसम की शुरुआत हो चुकी है और इसके साथ ही ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर मनोरंजन की भरपूर सौगात लेकर कई नई फिल्में और वेब सीरीज रिलीज होने जा रही हैं। इस हफ्ते दर्शकों के लिए हर जोनर की कहानियां पेश होंगी- हॉरर, थ्रिलर, ड्रामा और एक्शन से भरी। 'फाइनल डेस्टिनेशन 6: ब्लडलाइन्स' से लेकर 'भगवत चैप्टर वन: राक्षस' तक, इस हफ्ते का ओटीटी प्लेटर बेहद खास है।*

**हाउ टू ट्रेन योर ड्रैगन :** ड्रैगन की जादुई दुनिया को नए रूप में दिखाने वाली यह लाइव-एक्शन फिल्म उसी नाम की मशहूर एनिमेटेड मूवी का रीमेक है। शानदार विजुअल्स और भावनाओं से भरी यह कहानी एक बार फिर बच्चों और बड़ों सभी को पसंद आएगी। यह फिल्म 13 अक्टूबर को जियोहॉटस्टार पर रिलीज गई है।

**द नेबरहुड सीजन-8 :** मशहूर कॉमेडी शो 'द नेबरहुड' अब अपने आठवें और आखिरी सीजन के साथ दर्शकों से विदा ले रहा है। इस शो में पड़ोसियों के बीच के मजेदार रिश्तों और छोटे-छोटे सामाजिक मुद्दों को हल्के-फुल्के अंदाज में दिखाया गया है। नया सीजन 14 अक्टूबर जियोहॉटस्टार पर प्रसारित हुआ।



**फाइनल डेस्टिनेशन 6: ब्लडलाइन्स :** हॉरर फिल्मों के प्रशंसकों के लिए यह हफ्ता खास है। फाइनल डेस्टिनेशन सीरीज की छठी कड़ी 'ब्लडलाइन्स' 16 अक्टूबर को रिलीज होगी। इस फिल्म में मौत से भागते किरदारों की कहानी पहले से भी ज्यादा डर और रहस्य से भरी है। इसे जैक लिपोव्स्की और एडम स्टीन ने निर्देशित किया है और फिल्म जियोहॉटस्टार पर देखी जा सकेगी।



**द डिप्लोमैट सीजन-3 :** राजनीतिक साजिशों और कूटनीति की दुनिया पर आधारित यह लोकप्रिय वेब सीरीज फिर लौट रही है। इसमें एक अमेरिकी राजनयिक की कहानी दिखाई गई है जिसे ब्रिटेन में नियुक्त किया जाता है और वहां वह अंतरराष्ट्रीय संकटों में उलझ जाती है। सीरीज का तीसरा सीजन 16 अक्टूबर को नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगा।

**भगवत चैप्टर वन: राक्षस :** भारतीय दर्शकों के लिए इस हफ्ते की सबसे बड़ी ओटीटी रिलीज मानी जा रही है- भगवत चैप्टर वन: राक्षस। यह एक अपराध-थ्रिलर फिल्म है जिसमें अरशद वारसी इंस्पेक्टर विश्वास भगवत की भूमिका में हैं, जबकि जितेंद्र कुमार प्रोफेसर समीर बने हैं। फिल्म का निर्देशन अक्षय शेर ने किया है। यह कहानी एक बड़े वेश्यावृत्ति रैकेट और उससे जुड़े रहस्यों पर आधारित है। यह फिल्म 17 अक्टूबर को जी5 पर रिलीज होगी।

**किष्किंधापुरी :** तेलुगु भाषा की यह हॉरर-थ्रिलर फिल्म दर्शकों को रहस्य और डर की नई दुनिया में ले जाएगी। कौशिक पेगल्लापाटी के निर्देशन में बनी इस फिल्म में बेल्लमकोंडा साई श्रीनिवास और अनुपमा परमेस्वरन मुख्य भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म 17 अक्टूबर को ज़ी5 पर स्ट्रीम होगी।

**आई नो व्हाट यू डिड लास्ट समर :** 1998 की सुपरहिट स्लेशर फ्रैंचाइज़ की अगली कड़ी अब नए रूप में लौट रही है। इसमें पुरानी घटनाओं के राज और खून-खराबे से भरी कहानी दर्शकों को एक बार फिर सिहरने पर मजबूर करेगी। यह फिल्म 18 अक्टूबर को रिलीज़ होगी।

## खबर संक्षेप


मंडी अटेली। उप नागरिक अस्पताल में टीबी के बारे में जागरूक करते डॉ. विजय कुमार। फोटो: हरिभूमि

### टीबी को लेकर हुआ विशेष जागरुकता कार्यक्रम

**मंडी अटेली।** भारत सरकार के 2030 तक देश को टीबी मुक्त बनाने के लक्ष्य को लेकर मंगलवार को उप नागरिक अस्पताल में विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। टीबी फोरम टीम का गठन किया गया। जिसका उद्देश्य लोगों को टीबी के प्रति जागरूक करना, भ्रांतियों को दूर करना और मरीजों को पूरा इलाज कराने के लिए प्रेरित करना है। टीबी फोरम के अध्यक्ष डॉ. विजय यादव को बनाया गया है, जबकि टीम में कुल 11 सदस्य शामिल किए गए हैं। कार्यक्रम के दौरान डॉ. विजय यादव ने कहा कि टीबी अब लाइलाज नहीं रही। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दिशा निर्देशानुसार 2030 तक भारत को टीबी मुक्त बनाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने बताया कि पंचायत टीबी मुक्त अभियान के तहत जिस पंचायत में टीबी का कोई मरीज नहीं होगा, उसे सम्मानित किया जाएगा।

## ब्रह्मचारी आश्रम में चुनाव करवाने की उठाई मांग

# ब्राह्मण समाज ने अनियमितताओं का लगाया आरोप, सौंपा ज्ञापन

**आश्रम में कर्मियों का वित्तीय शोषण किया जा रहा और डीसी रेट के अनुसार भी वेतन नहीं मिलता: शर्मा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी


एसडीएम महेश कुमार को ज्ञापन सौंपते ब्राह्मण समाज के लोग।

ब्राह्मण समाज जनहितार्थ संगठन ने मंगलवार को मुख्यमंत्री और शिक्षामंत्री के नाम उपायुक्त को मांगपत्र सौंपकर हरियाणा शेखावटी ब्रह्मचारी आश्रम में प्रशासक नियुक्त करने व चुनाव करवाने की मांग की है। उपायुक्त की तरफ से एसडीएम महेश कुमार ने मांगपत्र लिया। इसके उपरांत संगठन पदाधिकारी एसडीएम महेश से भी मिले। इस मौके पर संगठन के सुरेश शर्मा खरककलां, चर्तुभुज शर्मा सैय, पूर्व चेयरमैन रामअवतार शर्मा नौरंगाबाद, विनोद शर्मा धारेडू, जयप्रकाश शर्मा व अधिवक्ता भूपेंद्र सिंह आदि ने ज्ञापन में कहा कि जांच अधिकारी द्वारा गत आठ अगस्त को दी गई रिपोर्ट में हर प्रकार की धांधली और अवैध चुनाव की पुष्टि की गई है।

उन्होंने बताया कि डिस्ट्रिक्ट रजिस्ट्रार फर्म एंड सोसायटी ने चंडीगढ़ रजिस्ट्रार फर्म एंड सोसायटी को आश्रम के प्रधान की सदस्यता रद करने व एफआईआर दर्ज करने के लिए पत्र लिखा है। उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से मांग की कि शेखावटी ब्रह्मचारी आश्रम में तत्काल प्रशासक नियुक्त किया जाए, नए सिरे से सदस्य बनाकर चुनाव करवाएं, कर्मचारियों के वेतन के अलावा अन्य वित्तीय शक्तियां रोकी जाएं, संबंधित अधिकारियों व जिम्मेदार व्यक्तियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाए।

**ये हैं आरोप**

उन्होंने कहा कि गलत तरीके से ट्रस्ट बनाकर एक व्यक्ति विशेष ने संस्था पर एक छत्र नियंत्रण कर लिया है, ये ब्राह्मण समाज की धरोहर के साथ अन्याय है। उन्होंने आरोप लगाया कि आश्रम में कर्मचारियों का वित्तीय शोषण किया जा रहा है, उन्हें डीसी रेट के अनुसार भी वेतन नहीं दिया जाता, जबकि संस्था की आय करोड़ों में है। उन्होंने कहा कि समाज के गणमान्य व्यक्तियों ने कई बार पंचायतें कर विवाद को सुलझाने का प्रयास किया, लेकिन किसी भी समझौते पर ध्यान नहीं दिया।

**ये रहे मौजूद**

इस मौके पर एसडीएम महेश कुमार ने आश्वासन दिया कि मामले की निष्पक्ष जांच की जाएगी, जो भ्रष्टाचार में शामिल होगा उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर श्यामलाल कोच, सतबीर कौशिक, जगमोहन, भूपेंद्र सिंह, सुरेश शर्मा सैय भी साथ रहे।

# विद्यालय में किया गया करियर काउंसलिंग का आयोजन


बवानीखेड़ा। आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

**विद्यार्थियों को करियर के प्रति जागरुक किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा

बवानी खेड़ा के बी के वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में विद्यार्थियों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए कैरियर काउंसलिंग का आयोजन किया गया। कैरियर मार्गदर्शन कार्यशाला का विषय 'कृत्रिम बुद्धिमत्ता और रोबोटिक्स-आधुनिक स्वचालन में प्रौद्योगिकी और नवाचार की खोज' रहा। गुरुग्राम से पधारे एमिटी यूनिवर्सिटी से डॉ० अल्पना, नरेंद्रा शर्मा एवं दीपक कौशिक ने कक्षा बारहवीं के कला संकाय, वाणिज्य संकाय, मेडिकल व नॉन मेडिकल के विद्यार्थियों को भविष्य में कैरियर के प्रति जागरुक करते हुए विभिन्न अवसरों से अवगत करवाया। उन्होंने बताया कि बारहवीं कक्षा पास करने के बाद प्रत्येक संकाय का विद्यार्थी अपना कैरियर बनाने के लिए कौन-कौन से क्षेत्र में जा सकता है व उनमें किस प्रकार छात्रवृत्ति प्राप्त करके अच्छी संस्था में प्रवेश ले सकता है। उन्होंने बताया कि उनकी संस्था प्रतिवर्ष आईआईटी और जेई मेंस के लिए परीक्षा निर्धारित करती है। जिसमें एक हजार बच्चों में से टॉप 500 में रहने पर पुरस्कारस्वरूप नकद राशि प्रदान की जाती है। सभी विद्यार्थियों ने कैरियर संबंधी जानकारी को ध्यानपूर्वक सुना व उसे आत्मसात किया।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य पंकज कुमार मिश्रा ने परामर्शदाताओं का विद्यार्थियों के भविष्य को लेकर किए गए उनके मार्गदर्शन के लिए आभार व्यक्त किया गया। उन्होंने यह भी कहा कि इस काउंसलिंग से विद्यार्थी अवश्य ही लाभान्वित होंगे। इस अवसर पर प्रबंधन समिति के सचिव योगेश शर्मा, वरिष्ठ वर्ग संचालक योगेंद्र सिंह, संजीव देशवाल, कविता, प्रियंका, प्रमोद बंसल, कश्मीर भाटी सहित समस्त अध्यापकगण उपस्थित रहें।

# मुआवजे की मांग को लेकर ग्रामीणों ने किया विरोध-प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

भारतीय किसान कामगार अधिकार मोर्चा के नेतृत्व में करीब 17 गांवों के किसानों खेत से गुजर रहीं बिजली लाईन का उचित मुआवजा देने की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन किया। इसके बाद अपनी मांगों को लेकर उपायुक्त के नाम ज्ञापन सौंपा। किसानों का कहना था कि केंद्र व राज्य सरकार ने किसानों के खेतों में लगने वाले बिजली के खंभों के लिए मुआवजे का प्रावधान कर दिया है, लेकिन जिला प्रशासन उसको लागू नहीं कर रहा है। भारतीय किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सतेंद्र लोहचब ने कहा कि किसानों के खेतों में 33 हजार वोल्टेज लाइन के बड़े खंभे लगे हैं।

इससे किसानों की जमीन खराब होती है। वहीं उनको मुआवजे में कुछ नहीं मिलता था। जिसके लिए उन्होंने एक बड़ा आंदोलन किया। जिसके बाद केंद्र सरकार व हरियाणा सरकार ने एक पॉलिसी बनाई। जिसके तहत किसानों को मुआवजा देने का प्रावधान है। लेकिन जिला प्रशासन की ओर से इस पॉलिसी को इम्प्लीमेंट नहीं किया गया। न ही सर्कल रेट के हिसाब से कोई रेट निर्धारित किया गया। 2 फरवरी 2025 को हरियाणा और दिल्ली के बॉर्डर पर बसे ऐतिहासिक गांव औचंदी में किसान महापंचायत का आयोजन हुआ था। केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल ने किसानों की मांगों के अनुरूप इस लाइन से होने वाले आर्थिक नुकसान की भरपाई के लिए एक नई मुआवजा पॉलिसी देने का आश्वासन दिया था। इस पॉलिसी को पूरे हरियाणा में लागू किया जा चुका है। लेकिन 16 गांवों के किसान मुआवजा पॉलिसी के लाभों से वंचित हैं, जबकि झज्जर के किसानों को मार्केट रेट कमेटी तय कर मुआवजा किसानों को दिया जा रहा है।


नारनौल। ज्ञापन सौंपते किसान। फोटो: हरिभूमि

**ये रहे मौजूद**

*मौके पर प्रिंसिपल सत्यवीर, कुलभूषण साहब, रामनिवास पटोदा हवासिंह, मनीष सरपंच, जितेन्द्र, संदीप, अमित ठेकेदार, राहुल यादव, महेंद्र मास्टर, रमेश यादव, सुरेंद्र कोच, पंकज, मुकेश यादव, सुनील मास्टर, मनोज कुमार आदि मौजूद थे।*

**प्रशासन को देना चाहिए ध्यान**

किसान रामनिवास पाटोदा ने बताया कि केंद्र व राज्य सरकार द्वारा पॉलिसी बनाए जाने के बावजूद भी जिला प्रशासन इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा। बीते 2 जुलाई के बाद मार्केट कमेटी या पावर ग्रिड वालों ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया है। जिसके कारण किसानों को उचित मुआवजा नहीं मिल रहा है। इसलिए प्रशासन को इस ओर ध्यान देना चाहिए। किसान हरिराम ने बताया कि खेतों में बीच में लगे टावरों की वजह से काफी जमीन खराब हो जाती है। वहीं एक एकड़ के ऊपर से गुजर रही लाइन की वजह से भी करीब 67 मीटर का एरिया प्रभावित होता है। इसलिए प्रशासन को जल्द ही इस ओर ध्यान देना चाहिए। इस प्रदर्शन में गांव चिंडालिया, बैरावास, नांगल सिरोही, गडानिया, बेरी, सुरजनवास, मेघनवास, बवानिया, बचीनी, नांगल हरनाथ,खेड़ा, रसूलपुर,उन्हानी, गुढ़ा कैमला आदि गांवों के किसान मौजूद थे।

# फाइनेंसरों से तंग आकर युवक ने निगला जहर

- इलाज के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

शहर के मोहल्ला पुरानी सराय निवासी एक 30 वर्षीय युवक फाइनेंसरों से तंग आकर जहरीला पदार्थ निगल लिया। इससे युवक की तबीयत बिगड़ गई। युवक को इलाज के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां पर युवक का इलाज चल रहा है। सूचना मिलने पर पुलिस भी अस्पताल में पहुंच गई।

शहर के मोहल्ला पुरानी सराय के रहने वाले 30 वर्षीय अरुण सैनी ने फाइनेंसरों से पैसे उधार लिए हुए थे। इसमें से वह काफी पैसे उनको वापस भी कर चुका है, लेकिन फिर भी फाइनेंसर उससे पैसों की डिमांड कर रहे हैं। एक फाइनेंसर ने तो उसका घर भी गिरवी रखने का दबाव बना दिया। जिसके चलते उसने सोमवार देर शाम को अपने घर में ही जहरीला पदार्थ खा लिया। उसके जहरीला पदार्थ खाने से जब तबीयत बिगड़ने लगी तो परिजन उसको तुरंत एक निजी अस्पताल लेकर गए। जहां पर उसको इलाज के लिए भर्ती कर लिया गया।

**मकान को बिक्री के लिए निकाला**

अरुण कुमार के पिता की साइकिल व बाइक पंचर बनाने की एक दुकान गौरव मार्केट के सामने है। वह भी अपने पिता का हाथ इसी काम में बंटाता है तथा कभी-कभी छोटी मजदूरी के काम भी कर लेता है। उपचाराधीन अरुण कुमार तीन बच्चों का पिता है। एक लड़का का जन्म करीब 6 महीने पहले ही हुआ था। वहीं उसके पिता ने मकान को बिक्री के लिए निकाला हुआ है।


महेंद्रगढ़। ज्ञापन सौंपते राशन डिपो होल्डर। फोटो: हरिभूमि

# राशन डिपो होल्डरों ने समस्या को लेकर एफएसओ को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

क्षेत्र के राशन डिपो होल्डरों ने अपनी समस्या को लेकर एफएसओ पुरुषोत्तम कुमार को एक लिखित ज्ञापन सौंपा है। राशन डिपो धारकों ने पत्र में अपनी कई समस्या रखी हैं। राशन डिपो होल्डर के प्रधान महावीर सिंह ने बताया कि पीओएस मशीन में तीन बार अंगूठा लगने से राशन निकलता है। इससे राशन बांटने में भारी परेशानी उठानी पड़ रही है।

इसके अलावा तीन बार अंगूठा लगाने से राशन बांटते समय कार्ड धारकों की लंबी लाइन लग जाती है। एक अंगूठा लगने में करीब 10 मिनट का समय लग रहा है। मशीन में समय लगने के कारण अक्सर कार्ड धारकों के साथ आए दिन लड़ाई–झगड़ा होते रहते है। पीओएस मशीन बहुत पुरानी होने के कारण आए दिन कोई ना कोई परेशानी होती रहती है। मशीन की बैटरी की उम्र भी खत्म हो गई है, इसलिए इन मशीनों में बैटरी व अन्य कमियां सॉफ्टवेयर संबंधित कमियां दूर किया जाए। इसके अलावा पीओएस मशीन में 3.2 वर्जन सही से काम नहीं कर रहा है, इसका समाधान किया जाए।

**ये रहे मौजूद**

इस मौके पर इंस्पेक्टर सतबीर सिंह, इंस्पेक्टर प्रवीण कुमार, इस्पेक्टर विनोद कुमार, संदीप कुमार, संदीप कुमार, डिपो होल्डर महावीर सिंह, जलक नारायण, महेंद्र कुमार, अनूप, नीरज, नवीन, अतर सिंह, शक्ति सिंह, मदनलाल, रामपाल, अंजू अग्रवाल, भुवनेश शर्मा सहित अनेक डिपों होल्डर उपस्थित रहे।

# हत्या के आरोपित सरपंच को किया निलंबित

**बहुमत वाले पंच को सौंपा जाएगा कार्यभार**

**नारनौल।** गांव मूलोदी के सरपंच को गांव के रिटायर्ड कैप्टन की हत्या के आरोप में निलंबित कर दिया है। 24 अक्टूबर को आयोजित बैठक में बहुमत वाला पंच सरपंच का कार्यभार संभालेगा। गांव मूलोदी के सरपंच प्रवीण कुमार पर उसके ही गांव के रिटायर्ड कैप्टन रामसिंह की हत्या का आरोप है। उसने बीते 12 मई को रामसिंह की घर में घुसकर लाठी-डंडों से हमला करके हत्या कर दी थी। इस पूरी घटना की वीडियो मृतक की पुत्रवधू ने बना ली थी। जिसको उन्होंने पुलिस को सौंप दिया था। घटना के बाद आरोपी बोलेरो गाड़ी में बैठकर भाग गए थे। भागते समय सरपंच का आधार कार्ड और एक फोन नंबर लिखी पर्ची भी वहां पर गिर गई थी। इस बारे में मृतक के बेटे रामपाल ने पुलिस में शिकायत दी थी। जिसमें उसने आरोप लगाया था कि सरपंच प्रवीण कुमार विधानसभा चुनाव से उनसे रंजिश रखता है। उसने आरोप लगाया था कि सरपंच ने ही अपने साथियों के साथ मिलकर उसके पिता की हत्या की है। ग्राम सचिव अमित शर्मा ने बताया कि उनके पास सरपंच के निलंबन का लैटर बीडीपीओ से आया है। जिसके बाद गांव में नया सरपंच चुनने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इसका लैटर भी उन्होंने जारी कर दिया है।

### हादसे से पूरे गांव में बना गमगीन माहौल

**नारनौल।** हादसा होने उपरांत पास ही पेट्रोल पंप मौजूद कर्मी एवं अन्य लोग वहां पहुंचे तथा इसकी सूचना डायल 112 पर पुलिस तथा एंबुलेंस को सूचना दी। एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को नांगल चौधरी के सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने रोहित, यशवीन एवं सुनीता को मृत घोषित कर दिया, जबकि नीतू एवं एकता को हॉयर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। बाद में तीनों शवों को नारनौल के लिए रेफर कर दिया गया, जहां मंगलवार सवेरे नांगल चौधरी पुलिस ने परिजनों के बयान पर आवश्यक कार्रवाई की तथा शवों का पोस्टमार्टम कराने उपरांत उन्हें परिजनों को सौंप दिया।

# गमगीन माहौल में एक ही चिता पर कर दिया पिता और पुत्र का अंतिम संस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

सड़क हादसे का शिकार हुए पिता-पुत्र का बड़े ही हृदय विदारक माहौल मंगलवार को गांव खातौली अहीर के श्मशान घाट में एक ही चिता पर एकसाथ अंतिम संस्कार कर दिया गया। सरपंच प्रतिनिधि फौजी विक्रम सिंह यादव के बेटे एवं पौते के साथ हुए इस हादसे से वक्त हर किसी की आंखें नम थी और चेहरे शोक स्तब्ध थे।

हुआ यूं कि खातौली अहीर निवासी विक्रम सिंह यादव का करीब पांच महीने का पौता यशवीन बीमार था। यशवीन का अच्छे से ईलाज कराने के लिए उसका पिता करीब 23 वर्षीय रोहित यादव उसे अपनी फ्रोन्क्स गाड़ी से सोमवार सुबह जयपुर लेकर गया था। तब उसके साथ रोहित की पत्नी नीतू, सास सुनीता, चचेरी बहन एकता भी जयपुर गए थे।

**अंतिम संस्कार में इन्होंने लिया भाग**

अंतिम संस्कार में पूर्व जिला पार्षद एवं वरिष्ठ नेता विनोद भील, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता संजय पटीकरा, मार्केट कमेटी के पूर्व वाइस चेयरमैन रामजीलाल मित्तल, प्रमोद ताखर एडवोकेट, राव तुलाराम संघर्ष कमेटी मेडिकल कॉलेज के सक्रिय सदस्य विकास बड़कोदा, मास्टर लक्ष्मण यादव बीगोपुर, धौलेड़ा के सरपंच जगमाल सिंह यादव, खातौली जाट के सरपंच विकास यादव, पूर्व सरपंच नरेंद्र यादव, सरपंच नरेश उर्फ नरसी, कमानियां के सरपंच मक्खन सिंह, पूर्व सरपंच कर्णसिंहआदि रहे।

**धानौता में घर से खेत जाते समय हादसा**

# डीआई महेंद्रा की टक्कर से किसान की मौत

**पुलिस ने फरार कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

निजामपुर खंड के गांव धानौता में घर से खेत में जा रहे किसान को प्रातः करीब 8 बजे महेंद्रा डीआई कार ने टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मंगलवार प्रातः करीब 8 बजे लगभग 65 वर्षीय छोटेलाल घर से खेत में जा रहा था। उनका घर सड़क पर गांव से बाहर बना है। जब वह सड़क पर थे, तब एक ओवरस्पीड डीआई महेंद्रा कार आई, जिसने उन्हें टक्कर मार दी और गाड़ी चालक गाड़ी सहित मौके से फरार हो गया। ग्रामीणों द्वारा सूचना देने पर निजामपुर पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने फरार कार चालक के खिलाफ केस दर्ज करने उपरांत शव का नागरिक अस्पताल नारनौल से पोस्टमार्टम कराया तथा उसे परिजनों को सौंप दिया। मृतक अविवाहित था।

**माटी कला बोर्ड चेयरमैन नियुक्ति करने की मांग**

**मंडी अटेली।** हरियाणा में माटी कला बोर्ड के चेयरमैन और सदस्यों की नियुक्ति को लेकर राष्ट्रीय प्रजापति महासभा के राष्ट्रीय सचिव एवं जिला प्रधान विजय सिंह व प्रजापति विकास समिति ब्लॉक कनीना के प्रधान ठेकेदार बलवान सिंह ने एक प्रेस नोट जारी कर बताया कि हरियाणा राज्य में प्रजापति समाज की अनुमानित जनसंख्या लगभग आठ लाख के आसपास है। पूर्व सरकार में माटी कला को प्रोत्साहन देने एवं सरकारी योजनाओं का लाभ प्रजापति समाज को गांव-गांव तक पहुंचाने के लिए माटी कला बोर्ड का गठन किया गया था। पिछले कई महीनो से माटी कला बोर्ड का अध्यक्ष पद खाली पड़ा है, उस पर सरकार द्वारा तुरंत प्रभाव से नियुक्ति की जाए और माटी काला बोर्ड को दुरुस्त करके उसमें और अधिक सुविधाएं दी जाए, ताकि प्रजापति समाज के जो परिवार मिट्टी का कार्य करते हैं चाहे वह बर्तन बनाना हो, खिलौने बनाना हो,उन परिवारों को माटी कला बोर्ड के अंतर्गत पंजीकृत करके उनको मूलभूत सुविधाएं दी जानी चाहिए, ताकि गरीब परिवारों को उन सुविधाओं का उचित लाभ मिल सके वह अपना जीवन आम आदमी की तरह जी सके। प्रजापति समाज एक मेहनतकश परिवार होता है और बेहद ईमानदार,सच्चाई के साथ चलने वाला समाज है।

### बिहाली में रास्ते से हटाया अतिक्रमण

**मंडी अटेली।** अटेली खंड के गांव बिहाली में युवा संगठन के सहयोग से ग्राम पंचायत बिहाली ने अटेली बहरोड़ रोड से गोशाला को जाने वाले रास्ते से अतिक्रमण हटा कर रास्ते को साफ करवाया गया है। पहले 44 फुट का रास्ता अतिक्रमण व गंदगी के चलते सिकुड़ा हुआ था। जिससे से आमजन को आने जाने व गोशाला में चारे आदि के लिए जाने वाले वाहनों के लिए काफी दुश्वारिया बनी हुई थी। उन्होंने बताया कि रास्ते को साफ करवाने के लिए जेसीबी की सहायता से कूड़े व अतिक्रमण को हटाया। सरपंच सीताराम ने बताया कि रास्ते में लोगों ने इंधन, कूड़ा करकट, रूड़ी आदि से अतिक्रमण, चबूतरे आदि लगाकर रास्ते को तंग किया हुआ था।

**सहयोग** | शहर को नशा मुक्त बनाने में दवा विक्रेता करेंगे पूरा सहयोग

# नशे की बिक्री होती मिली तो प्रशासन को देंगे सूचना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहल

सरकार व जिला प्रशासन द्वारा नशे की खिलाफ शुरू किए गए अभियान को सफल बनाने के लिए बहल के दवा विक्रेता अपना सक्रिय योगदान देंगे। आयोजित मीटिंग में यह फैसला लिया गया कि सभी दवा विक्रेता सरकार व प्रशासन के साथ नशा मुक्त हरियाणा अभियान को जनअभियान बनाने में पूरा सहयोग देंगे। दवा विक्रेता किसी प्रकार की नशीली दवाइयों की बिक्री नहीं करेंगे। इसके अलावा उनको क्षेत्र में कहीं भी नशे की बिक्री की जानकारी होगी तो वह प्रशासन तक पहुंचाएंगे।


बहल। दवा विक्रेताओं की आयोजित बैठक में उपस्थित दवा विक्रेता।

**नशा एक सामाजिक अभिशाप**

मंगलवार को मिलन जूस बार में आयोजित बैठक की अध्यक्षता बहल केमिस्ट ऐसोसियशन, बहल के प्रधान रविन्द्र सांगवान ने की। रविन्द्र सांगवान ने सोमवार को जिले के एफडीए अधिकारियों व जिले भर के दवा विक्रेता प्रतिनिधियों की डीसीओ सुरेन्द्र कुमार की मौजूदगी में जिला पुलिस अधीक्षक के साथ बैठक का ब्यौरा दिया। उन्होंने कहा कि पुलिस अधीक्षक ने सभी दवा विक्रेताओं से जिले को नशा मुक्त बनाने के लिए सहयोग मांगा है। उन्होंने कहा है कि नशा एक सामाजिक अभिशाप है। जिस घर का एक व्यक्ति नशा करने लग जाता है तो वह पूरा परिवार संकट में आ जाता है। दवा विक्रेताओं की समाज में अपनी एक पहचान होती है। वे नशा मुक्त हरियाणा में अपना सक्रिय सहयोग दे सकते हैं। वे खुद किसी लोभवश नशीली दवाइयों की बिक्री न करें और उनको इस प्रकार की दवाइयों की बिक्री के बारे में पता चले तो उसे प्रशासन को सूचित करें।

**ये रहे मौजूद**

उन्होंने बताया कि मीटिंग में ड्रग कंट्रोल ऑफिसर सुरेन्द्र कुमार ने भी यह स्पष्ट कहा है कि कोई भी दवा विक्रेताओं नशे के कारोबार में संलिप्त पाया गया तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर सभी दवा विक्रेताओं ने अभियान में अपना योगदान देने पर सहमति जताई। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि बहल केमिस्ट एसोसियशन द्वारा क्षेत्र के गांवों के अलावा ओबरा व ईशरवाल के दवा विक्रेताओं को भी प्रशासन के आदेशों से अवगत कराया जाएगा। इस अवसर पर प्रधान रविन्द्र सांगवान, कपूर पूनिया, रूपेश कुमार, राज चैहड़िया, सोमबीर पाजू, अर्जुन, अशोक, अंकित, अनिल सहित अन्य दवा विक्रेता मौजूद रहे।

### गांव उन्हाणी में घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी

**कनीना।** सिटी थाना अंतर्गत गांव उन्हाणी से बाइक चोरी हो गई। इस बारे में महिला सुनीता देवी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उन्होंने रात्रि के समय अपनी बाइक घर के सामने खड़ी की थी।

**बेदखली सूचना**

मैं, सविता पत्नी श्री सुरेश कुमार निवासी हालू मोहल्ला अमित धर्मकांटा के पास वाल्मीकि बस्ती भिवानी बयान करती हूँ मेरा पुत्र राहुल व उसकी पत्नी मोनिका मेरे कहने–सुनने से बाहर है। इसलिए मै मेरे पुत्र राहुल व उसकी पत्नी मोनिका को अपनी चल–अचल सम्पति से बेदखल करती हूँ। भविष्य में उनसे लेन–देन करने वाला स्वंय जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप

### कन्या गुरुकुल का वार्षिकोत्सव 17 से

**बाढड़ा।** कन्या गुरुकुल महाविद्यालय पंचगावां का दो दिवसीय वार्षिक महोत्सव 19 व 19 अक्टूबर को धूमधाम से मनाया जाएगा। इसमें देशभर के अनेक आर्यवीर भाग लेंगे। यह जानकारी गुरुकुल एवं महाविद्यालय पंचगावां अध्यक्ष ओमप्रकाश पंचगावां, डा. मेजर बुद्देव आर्य व प्राचार्य जया आर्या ने दी। उन्होंने बताया कि गांव पंचगावां में महाशय मंसाराम व राजा महताबसिंह द्वारा स्थापित कन्या गुरुकुल एवं महाविद्यालय का वार्षिकोत्सव 17 व 19 अक्टूबर को दो दिन हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। उन्होंने क्षेत्र के सामाजिक संगठनों व आर्य समाज से जुड़ी हस्तियों को कार्यक्रम में बढ़चढ़कर भागीदारी की अपील की।

### त्योहारी सीजन पर पुलिस अलर्ट

**चरखी दादरी।** त्यौहारी सीजन को ध्यान में रखते हुए जिला पुलिस पूरी तरह से अलर्ट मोड पर है। दीपावली पर भीड़ व बाजार में जाम की स्थिति से निपटने के लिए पर्याप्त पुलिस बल को तैनात करने के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस अधीक्षक अर्श वर्मा ने बताया कि त्योहारों के दौरान शांति, सौहार्द और सुरक्षा बनाए रखने के लिए जिलेभर में सघन सुरक्षा व्यवस्था लागू की गई है। उन्होंने कहा कि त्यौहारों की भीड़ को देखते हुए संवेदनशील स्थानों पर पुलिस गश्त बढ़ाई जाएगी।

### सड़क हादसे का आरोपी चालक गिरफ्तार

**कोसली।** पुलिस ने सड़क हादसे के बाद फरार वाहन चालक को गिरफ्तार किया है। कोसली थाना पुलिस ने 6 अक्टूबर को हुए हादसे के बाद फरार हुए चालक के खिलाफ केस दर्ज किया था। हादसे में एक युवक की मौत हो गई थी। पुलिस ने वाहन चालक महेंद्रगढ़ निवासी सोनू को गिरफ्तार कर लिया। उसका वाहन भी कब्जे में लिया गया है। तफ्तीश में शामिल करने के बाद आरोपी को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### पुलिस से झड़प के आरोपी भेजे जेल

**रेवाड़ी।** थाना खोल पुलिस ने गत 6 अक्टूबर को कंवाली की नंबरदार ढाणी में पुलिसकर्मियों के साथ हाथापाई करने के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। कॉल के बाद मौके पर पहुंची पुलिस के साथ हाथापाई करने के मामले में पुलिस ने केस दर्ज किया था। इस मामले में

---

चौधरी बंसीलाल नागरिक अस्पताल में लिफ्टें, ओपीडी, डॉक्टर सहित मांगें उठाई

# नागरिक अस्पताल की समस्याओं के खिलाफ जनसंघर्ष समिति का प्रदर्शन

**77 लाख रुपये ग्रांट आने के बावजूद नागरिक अस्पताल में नहीं लगी लिफ्ट**



**भिवानी।** नागरिक अस्पताल की विभिन्न समस्याओं के खिलाफ विरोध जताते जनसंघर्ष समिति के सदस्य। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

जनसंघर्ष समिति ने चौधरी बंसीलाल नागरिक अस्पताल में चार नई लिफ्टें लगाने, ओपीडी शुरू करने, अल्ट्रासाउंड मशीन पर एक अतिरिक्त चिकित्सक लगाने व पंडित नेकीराम शर्मा मेडिकल कालेज में विभिन्न बीमारियों के इलाज के लिए विशिष्ट चिकित्सक व नर्सिंग स्टाफ लगाने की मांग को लेकर अस्पताल के सामने प्रदर्शन व धरना दिया। धरने की अध्यक्षता व्यापारी नेता देवराज महता व समिति के सचिव सज्जन कुमार सिंगला ने संयुक्त रूप से की। प्रदर्शन व धरने को संबोधित करते हुए जनसंघर्ष समिति के संयोजक कामरेड ओमप्रकाश, व्यापार मंडल के राज्य उपप्रधान देवराज महता व युवा कल्याण संगठन के संरक्षक कमल सिंह प्रधान व सामाजिक कार्यकर्ता सुरेद्र परमार ने कहा कि पिछले छह माह से नागरिक अस्पताल की चारों लिफ्टें खराब पड़ी है। नागरिक अस्पताल की ओपीडी बंद कर रखी है, अस्पताल के सभी डॉक्टरों को मेडिकल कॉलेज में बैठा रखा है, जबकि मेडिकल कॉलेज शुरू कर दिया और विशिष्ट चिकित्सक व नर्सिंग स्टाफ भर्ती नहीं किया जा रहा है।

अल्ट्रासाउंड का केवल एक चिकित्सक है, जो इमरजेंसी में छुट्टी जाने पर मरीज मजबूर होकर प्राईवेट अस्पतालों के चक्कर काटते हैं, उन्हें 800-1000 रुपये अतिरिक्त देने पड़ते है। अस्पताल में रोजाना 1500 मरीज प्रतिदिन आते है, जबकि मेडिकल कॉलेज होने के बावजूद अभी भी विशिष्ट चिकित्सक के अभाव में गंभीर मरीजों को रोहतक पीजीआई में भेजा जाता है। उन्होंने कहा कि जनसंघर्ष समिति पहले भी इन मांगों को लेकर कई बार प्रदर्शन कर चुकी और ज्ञापन भी दे चुकी है, लेकिन राज्य सरकार व अस्पताल प्रशासन कोई ध्यान नहीं दे रहा है। उन्होंने कहा कि चारों लिफ्ट खराब होने के बाद राज्य सरकार से नई लिफ्टें लगाने वास्ते 77 लाख रुपये भी आ चुके है, जिससे मरीजों व उनके तामीरदारों को भारी परेशानी हो रही है।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर कामरेड रवि खन्ना , नरेश शर्मा, दवा विक्रेता संघ के प्रधान सुशील सरदाना, सरदार बलदेव सिंह, एडवोकेट जोगेंद्र सरोहा, राजेश महता, राजकुमार, अजय महता, पूर्व पार्षद बलवान, संजय कुमार, राजेद्र शर्मा, अजय कुमार, ओमप्रकाश दलाल, राजाराम व अमीर सिंह आदि मौजूद रहे।


**तोशाम।** मांगों को लेकर प्रदर्शन करते किसान।

## विभिन्न समस्याओं को लेकर तोशाम में किसान सभा ने की नारेबाजी

**तोशाम।** अखिल भारतीय किसान सभा व सीटू 16 अक्टूबर को भिवानी कार्यालय पर किसानों व मनरेगा मजदूर, खेत मजदूर की विभिन्न समस्याओं को लेकर प्रदर्शन करेंगी। आंदोलन में तोशाम तहसील से सैकड़ों किसान मजदूर भाग लेंगे। अखिल भारतीय किसान सभा तोशाम के सचिव नरेंद्र सिंह जागलान व प्रधान कर्ण सिंह, रणधीर सांगवान, मुकेश श्योराण साहलेवाला जिला सचिव जगरोशन मास्टर, जिला उपप्रधान कामरेड ओमप्रकाश ने बताया की प्रदर्शन का मुख्य उद्देश्य वर्ष 2023 की कपास फसल के बीमा घोटाले के खिलाफ आवाज उठाना है। लगभग 350 करोड़ रुपए का बीमा क्रॉप कटिंग के आधार पर बनाना चाहिए था लेकिन कंपनी ने सरकार की मिलीभगत से किसानों के बीमा के हक पर डाका डाल दिया। इसके विरोध में किसानों का लोहारू के एसडीएम कार्यालय में पिछले 90 दिनों से अनिश्चितकालीन धरना चल रहा हैं। फिर भी सरकार ने कोई संज्ञान नहीं लिया। मजदूरों को मनरेगा में 200 दिन का काम मिलना चाहिए व मजदूरी उनको 600 मिलनी चाहिए। इसी प्रकार सरकार अब तक भिवानी जिले में मूंग, कपास, बाजरा की मंडी में एमएसपी पर एक भी दानें की खरीद नहीं की है। किसानों, मजदूरों की विभिन्न समस्याओं जैसे रबी सीजन चल रहा है किसानों को फसल बोने के लिए डीएपी व अन्य खाद नहीं मिल रही। किसान डीएपी खाद के लिए बहुत परेशान है।

## हर विधवा महिला तक पहुंचे सरकारी योजनाओं का लाभ

- विधवाओं के कल्याण के लिए विडो सेल की समीक्षा बैठक
- मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी पवन कुमार ने दी अधिकारियों को दिशा-निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भिवानी की ओर से विधवा महिलाओं के कल्याण के लिए गठित विडो सेल की ऑनलाइन मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी (सीजेएम) पवन कुमार ने की। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों ने भाग लिया। सीजेएम पवन कुमार ने बैठक में विधवा महिलाओं को मूलभूत सुविधाएं, सरकारी योजनाओं का लाभ, और उनके अधिकारों की सुरक्षा जैसे मुद्दों पर गहन समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि विडो सेल के माध्यम से हर जरूरतमंद विधवा महिला तक योजनाओं की जानकारी और उसका लाभ पहुंचाया जाए। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी पवन कुमार ने कहा कि सरकार द्वारा विधवाओं के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं, जैसे कि पेंशन योजना, स्वरोजगार के लिए ऋण योजना, आदि। उन्होंने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि इन योजनाओं का वास्तविक लाभ लक्षित महिलाओं को मिले।

**सम्मानजनक जीवन जीने योग्य बनाना**

उन्होंने कहा कि विडो सेल का मूल उद्देश्य न केवल विधवा महिलाओं को सहायता देना है, बल्कि उन्हें समाज में सम्मानजनक जीवन जीने योग्य बनाना भी है। हेल्प डेस्क, जागरूकता अभियान और ऋण सहायता पर दिया गया जोर बैठक के दौरान जिला समाज कल्याण विभाग को निर्देश दिए गए कि यदि किसी विधवा महिला के पेंशन फॉर्म में कोई कमी है, तो उन्हें फोन पर सूचना देकर कमियों को दूर करने में मदद करें। सीजेएम पवन कुमार ने वन स्टॉप सेंटर के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे महिलाओं और उनके बच्चों को मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी देने हेतु विशेष प्रयास करें। उन्होंने कहा कि जागरूकता ही सबसे बड़ा समाधान है। इस दिशा में उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से विधवाओं को योजनाओं व उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि वन स्टॉप सेंटर में एक विशेष हेल्प डेस्क स्थापित किया जाए, जहाँ विधवा महिलाओं से जुड़ी समस्याएं दर्ज की जा सकें और उनका समयबद्ध समाधान किया जा सके। साथ ही बैंक अधिकारियों को भी निर्देश दिए गए कि वे विधवा महिलाओं को लोन प्राप्त करने में सहयोग दें, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें और अपने जीवन को फिर से संवार सकें। इस अवसर पर पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग, एसडीएम कार्यालय, लीगल काउंटर, वन स्टॉप सेंटर, महिला एवं बाल विकास विभाग, और समाज कल्याण विभाग के अधिकारी तथा कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सीमा बुसान ने राष्ट्रीय जूनियर एथलेटिक्स में जीता स्वर्ण पदक

भुवनेश्वर में 10 से 14 अक्टूबर तक 40वीं राष्ट्रीय जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी



**भिवानी।** राष्ट्रीय जूनियर एथलेटिक्स में स्वर्ण पदक जीतने वाली सीमा व अन्य।

उड़ीसा के भुवनेश्वर में 10 से 14 अक्तूबर तक 40वीं राष्ट्रीय जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आयोजन किया। प्रतियोगिता में बाबा भैरूनाथ स्पोर्ट्स एसोसिएशन एकेडमी चौधरी खेमचन्द स्टेडियम बुसान की एथलीट सीमा कालीरामन बुसान ने हेप्टाथलॉन लड़कियां 18 वर्ष में स्वर्ण पदक जीता तथा 100 मीटर बाधा दौड़ में 14.47 सेकण्ड टाईम लेकर चौथा स्थान पर रही। वहीं सीमा अभी तक राज्य स्तर पर 27 मेडल जीत चुकी है। चौधरी खेमचन्द स्टेडियम की मुनेश ईशरवाल ने इसी प्रतियोगिता में 45.78 मीटर चक्का फेंक कर लड़कियों के 20 वर्ष में पांचवें स्थान पर रही। स्टेडियम बुशान के इंचार्ज पूर्व डीएसओ जयसिंह कालीरामन की लगभग 40 लड़कियां इसी स्टेडियम में अभ्यास करती हैं, जिनमें से सीमा ने राष्ट्रीय स्तर पर बुशान गांव की लड़की ने पहला स्वर्ण पदक जीता। बाबा पूर्णनाथ महंत ने सीमा को पदक जीतने पर आशीर्वाद दिया तथा सभी ग्रामीणों ने स्टेडियम के खिलाड़ियों, पूर्व डीएसओ विरेन्द्र बापोड़ा, चेतनप्रकाश वर्मा, सरपंच ने सीमा को बधाई दी।

## अनिरुद्ध चौधरी ने विभिन्न गांवों का किया दौरा

भाजपा सरकार की कथित जनविरोधी कार्यप्रणाली पर जमकर निशाना साधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तोशाम


**तोशाम।** लोगो के दुख सुख में शामिल होते अनिरुद्ध चौधरी। *फोटो : हरिभूमि*

कांग्रेस के कर्मठ ग्रामीण जिला अध्यक्ष अनिरूद्ध चौधरी ने मंगलवार को विभिन्न गांवों का सघन दौरा कर ग्रामीणों के सुख-दुख में शामिल हुए और भाजपा सरकार की कथित जनविरोधी कार्यप्रणाली पर जमकर निशाना साधा। चौधरी ने गोलागढ़, हसान, ईशरवाल, दरियापुर, थिलौड़ समेत कई अन्य गांवों में घर-घर जाकर लोगों से मुलाकात की और उनकी समस्याएं सुनीं। चौधरी का यह दौरा पूरी तरह से जनसंपर्क पर केंद्रित रहा। उन्होंने केवल राजनीतिक बातें ही नहीं कीं, बल्कि ग्रामीणों के व्यक्तिगत और सामुदायिक मुद्दों को भी समझा। चौपालों पर बैठकर उन्होंने बुजुर्गों से आशीर्वाद लिया और युवाओं से उनके भविष्य और रोजगार की समस्याओं पर चर्चा की। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि कांग्रेस पार्टी हमेशा उनके साथ खड़ी है और उनकी आवाज को हर मंच पर उठाएगी।

**भाजपा सरकार में आम जनता परेशान**

ग्रामीणों से बातचीत के दौरान कांग्रेस ग्रामीण जिला अध्यक्ष अनिरूद्ध चौधरी ने कांग्रेस पार्टी की भविष्य की जनहितैषी नीतियों का विस्तृत ब्यौरा दिया। उन्होंने विशेष रूप से गरीबों, किसानों और युवाओं को लाभ पहुंचाने वाली योजनाओं पर प्रकाश डाला। चौधरी ने कहा कि कांग्रेस का इतिहास जनकल्याण का रहा है। हमारी नीतियां हमेशा समाज के अंतिम व्यक्ति को सशक्त करने पर केंद्रित रही हैं। हमने किसानों को मजबूत करने, युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा करने और महंगाई से त्रस्त आम आदमी को राहत देने के लिए एक स्पष्ट रोडमैप तैयार किया है। हमारा उद्देश्य केवल सत्ता हासिल करना नहीं, बल्कि लोगों के जीवन में वास्तविक बदलाव लाना है।अनिरूद्ध चौधरी की बातों और सरकार के खिलाफ उनके बयानों को ग्रामीणों ने समर्थन दिया।

## श्रीकृष्ण गोशाला में गौमाताओं के लिए लगाई सवामणी

जैन धर्म में अहिंसा को परम धर्म की संज्ञा दी : वृद्धि महाराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी


**चरखी दादरी।** गायों के लिए सवामणि लगाते वृद्धि महाराज व श्रद्धालु।

जैन समाज के नागरिकों ने दिल्ली रोड स्थित श्रीकृष्ण गौशाला परिसर में पहुंचकर गौमाता को सवामणि अर्पित की। इसके साथ ही गौशाला परिसर स्थित अशक्तजन आश्रम में पहुंचकर दिव्यांगजन के बीच खाद्य पदार्थों का वितरण भी किया। एसएस जैन सभा व जैन महिला मंडल के तत्वावधान में आयोजन किया। सवामणि व प्रसाद वितरण कार्यक्रम जिन शासन ज्योति गीता महाराज की सुशिष्या वृद्धि महाराज साहब के 34वें जन्मदिन पर आयोजन किए। इस दौरान समस्त कार्यक्रम एस एस जैन सभा प्रधान इंद्र जैन की अगुवाई में करवाए।

वृद्धि महाराज ने कहा कि मानवता का आधार ही दया का भाव है, इसलिए जैन धर्म में अहिंसा को परम धर्म की संज्ञा दी गई है, सबसे बुद्धिमान प्राणी मानव के हृदय में अगर दूसरों के प्रति करूणा का भाव नहीं होगा तो वह मानव कहलाने के लिए लायक नहीं है। बेजुबानों सहित समस्त प्रकृति की रक्षा हमारा दायित्व है, इसे अपने दैनिक जीवन में अपनाएं एवं सच्ची शांति पाए।

संयुक्त किसानों का धरना जारी

## सरकार की मनमानी ने किसानों को गर्त में धकेलाः हड़ौदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाढड़ा

केन्द्र व प्रदेश सरकार की मनमानी नीतियों से कृषि व किसान को गर्त में धकेला जा रहा है। किसानों के हितों के लिए सरकार द्वारा सकारात्मक रुख न अपनाने पर संयुक्त किसानो का धरना जारी रहा। कस्बे के बिजली कार्यालय परिसर में ओमप्रकाश खोरड़ा व जयसिंह हंसावास खुर्द की अध्यक्षता में संचालित धरने को संबोधित करते हुए। श्योराण खाप अध्यक्ष बिजेंद्र बेरला व किसान सभा जिलाध्यक्ष रणधीर कुगड़ व किसान नेता राजकुमार हड़ौदी ने कहा कि मौजूदा सरकार किसान व कृषि व्यवस्था को कमजोर कारपोरेट घरानों को बढावा दे रही है जो हमारी पीढ़ी के लिए न्यायसंगत नहीं है। आज किसान को डीएपी व यूरिया के लिए दर दर भटकना पड़ रहा है।

**मौजूद रहे**

किसान सभा खंड अध्यक्ष नसीब मोद, प्रताप सिंह हंसावास, प्रताप सिंह, पारस काकडौली, युद्धवीर सिंह, ओमप्रकाश नंबरदार चरखी, महावीर सिंह, प्राचार्य हवा सिंह, नरेश कुमार कादयान, जयवीर नाधां, सतबीर पीटीआई, धर्मपाल बाढड़ा, ओमप्रकाश कारी दास, सीटू नेता सुमेर सिंह, श्रमिक नेता रोशन लाल धारणी, कामरेड रामपाल धारणी, आदि मौजूद रहे।

## खंड स्तरीय रोल-प्ले एवं लोक-नृत्य प्रतियोगिताओं का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बवानीखेड़ा

बवानी खेड़ा के वीर शहीद कपिल देव जी राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में खंड स्तरीय रोल-प्ले एवं लोक-नृत्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में खंड के विभिन्न विद्यालयों की टीमों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों ने अपने रोल-प्ले के माध्यम से कुरकुरे न खाने, रैप आदि आज के समय के गानों पर कटाक्ष, दहेज आदि सामाजिक एवं शैक्षणिक विषयों पर उत्कृष्ट प्रस्तुति दी तथा लोक-नृत्य के माध्यम से हरियाणा की लोक संस्कृति की सुंदर झलक प्रस्तुत की।



**बवानी खेड़ा।** बवानी खेड़ा के वीर शहीद कपिल देव जी राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में खंड स्तरीय रोल-प्ले एवं लोक-नृत्य प्रतियोगिताओं का आयोजन में उपस्थितजन।

**ये रहे मौजूद**

*मंच सञ्चालन नवीन कुमार, प्रवक्ता संस्कृत नें किया। रोल-प्ले प्रतियोगिता में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, लोहारी जाटू और लोक-नृत्य प्रतियोगिता में राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, बवानी खेड़ा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली ये दोनों टीमें जिला स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी। खंड शिक्षा अधिकारी आनंद कुमार ने विद्यालयों के प्राचार्यों व सभी प्रतिभागियों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में रचनात्मकता, आत्मविश्वास और सांस्कृतिक मूल्यों को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने आयोजन समिति के सभी सदस्यों को सफल आयोजन हेतु धन्यवाद दिया। इस अवसर पर सुनील शर्मा, सत्यवान, मोहित, भूपेंदर आदि उपस्थित रहे।*

अंतर महाविद्यालय दीपावली फेस्ट दीपोत्सव 2025 का आयोजन

## दीपावली का दीपक सिर्फ मिट्टी का नहीं होता, वह ज्ञान, सत्य, और आशा का प्रतीक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

वैश्य महाविद्यालय भिवानी के स्वपोषित विभाग की ओर से कार्यक्रम आयोजित

दीपावली का दीपक सिर्फ मिट्टी का नहीं होता, वह ज्ञान, सत्य, और आशा का प्रतीक है। यह हमें सिखाता है कि चाहे अंधकार कितना भी गहरा हो, एक छोटा-सा दीप भी उसे दूर कर सकता है।आज के इस कार्यक्रम में बच्चों ने जिस उत्साह, सृजनशीलता और संस्कृति का प्रदर्शन किया है, वह सराहनीय है।यह बात वैश्य महाविद्यालय भिवानी के स्वपोषित विभाग द्वारा आयोजित अंतर-महाविद्यालय अंतर महाविद्यालय दीपावली फेस्ट दीपोत्सव 2025 का शुभारंभ करते हुए मुख्य अतिथि वैश्य महाविद्यालय प्रबंधक समिति अध्यक्ष अजय गुप्ता ने कहें। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी अपनी प्रतिभा को निखारकर आगे बढ़ते हुएं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वोकल फॉर लोकल के संदेश को सार्थक करते हुए आत्मनिर्भर बनने का प्रयास करें।

वैश्य महाविद्यालय भिवानी के स्वपोषित विभाग द्वारा मंगलवार को दीपावली फेस्ट दीपोत्सव 2025 धूमधाम से मनाया गया।


**भिवानी।** आयोजित प्रतियोगिता में प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए। *फोटो :हरिभूमि*

**दीपावली का त्योहार दीपों का पर्वः विजय किशन**

*वैश्य महाविद्यालय ट्रस्ट के ट्रस्टी विजय किशन अग्रवाल ने कहा कि दीपावली का त्यौहार दीपों का पर्व है, भारतीय परम्परा के अनुसार इस दिन को लोग बुराई पर अच्छाई की जीत के रूप में मनाते हैं। दीपावली फेस्ट दीपोत्सव 2025 की संयोजक एव स्वपोषित विभाग की डायरेक्टर डा.प्रोमिला सुहाग ने समारोह में पधारे सभी अतिथियो, स्टाफ सदस्यो एव विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया व विद्यार्थियों को संदेश देते हुए कहा कि वे शिक्षा के साथ साथ अन्य शिक्षेत्तर गतिविधियों में भी रुचि लेकर आगे बढे। दीपावली फेस्ट दीपोत्सव 2025 में विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न प्रकार की स्टॉलों पर खाद्य पदार्थों का रसास्वादन करवाया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण लाइव म्यूजिक परफोर्मेंस रहा। इस अवसर पर स्वपोषित विभाग के सभी सदस्य मौजूद रहे।*

**विद्यार्थियों को दी आत्मनिर्भर बनने की सीख**

प्राचार्य डॉ. संजय गोयल ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजनो विद्यार्थियों को अपनी भारतीय संस्कृति से रूबरू कराते है। समारोह में पधारे सभी अतिथियो के स्वागत के साथ अतिथियो द्वारा विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। समारोह में मंच का सफल संचालन महाविद्यालय के सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डा.हरिकेश पंघाल द्वारा किया किया। समारोह में निर्णायक मंडल की भूमिका सुप्रसिद्ध रंगकर्मी पूर्व बैंक अधिकारी कौशल भारद्वाज,एडवोकेट मुकेश वत्स, श्रीमती कीर्ति चौहान, श्रीमती प्रियंका चौधरी ने निभाई। वैश्य महाविद्यालय ट्रस्ट के अध्यक्ष शिवरत्न गुप्ता ने कहा कि भारतीय परम्परा में त्यौहारों का बहुत महत्व है। ये हमारी संस्कृति को जीवित रखने में अहम भूमिका निभाते हैं।

**दीपावली फेस्ट दीपोत्सव 2025 में ये हुई प्रतियोगिता**

इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताएं जैसे दीया डेकोरेशन ,थाली डेकोरेशन,पोस्टर बनाना, स्टॉल खेल,स्टॉल(खाद्य/खाद्य पदार्थ ),कुकिंग विदाउट फायर (बिना आग के खाना पकाना),आउट ऑफ वेस्ट(बेकार की चीजों में से उत्तम चीज बनाना),मेहँदी, पारंपरिक पोशाक,रंगोली, नाखून सजाने की कला आदि आयोजित की गई।

## एडीजीपी आत्महत्या मामला प्रशासनिक तंत्र पर सवालः मुकेश

**भिवानी।** प्रदेश के वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी एडीजीपी वाई पूरन कुमार की आत्महत्या के मामले ने पूरे प्रदेश में प्रशासनिक तंत्र की कार्यप्रणाली पर गहरे सवाल खड़े कर दिए हैं। इस संवेदनशील प्रकरण पर प्रतिक्रिया देते हुए युवा कांग्रेस नेत्री एडवोकेट मुकेश ढ़ाणीमाह ने गहरा दुःख व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ये घटना केवल अधिकारी की व्यक्तिगत त्रासदी नहीं, बल्कि पूरे शासन और प्रशासन की पारदर्शिता व जवाबदेही पर गंभीर प्रश्नचिन्ह है। एडवोकेट मुकेश ने कहा कि ईमानदार और कर्तव्यनिष्ठ अधिकारी की आत्महत्या यह दर्शाती है कि सिस्टम के भीतर कहीं न कहीं दबाव, पक्षपात और अन्याय की जड़ें गहरी हो चुकी हैं।